प्रश्न पत्र – द्वितीय / QUESTION PAPER – II

अनुक्रमांक / Roll No. (अंकों में / In figures) : | | | | | | |

(शब्दों में / In Words) ..........................................

18 18 18 18 18 18 18 18

विषय / Subject :

**Philosophy**

कोड / Code : **18**

21800417

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या /
Number of Pages in Booklet : 16

Philosophy

**18** **A** **2**
विषय कोड | बुकलेट सीरीज

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या /
Number of Questions in Booklet : 50

समय / Time : $1\frac{1}{4}$ घंटे / Hours

पूर्णांक / Maximum Marks : 100

### INSTRUCTIONS

1. **Answer all questions.**
2. **All questions carry equal marks.**
3. Only one answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as 1, 2, 3, 4. You have to darken the correct answer.
6. There will be no negative marking for wrong answer.
7. The candidate should ensure that Roll Number, Subject Code and Series Code on the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same after opening the envelopes. In case they are different, a candidate must obtain another Question Paper of the same series. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. The candidate will be allowed to carry the carbon print-out of OMR Response Sheet with them on conclusion of the examination.
10. **If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.**

*Warning :* If a candidate is found copying or if any unauthorised material is found in his/her possession. F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under Section 3 of the R.P.E. (Prevention of Unfairmeans) Act, 1992. Commission may also debar him/her permanently from all future examinations of the Commission.

### निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी सही उत्तर वाले गोले को काला करें ।
6. गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंकन नहीं किया जाएगा ।
7. प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के लिफाफे की सील खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके अनुक्रमांक प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक पर समान रूप से विषय कोड एवं प्रश्न पुस्तिका की सीरीज अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से प्रश्न–पत्र की ही सीरीज वाला दूसरा प्रश्न–पत्र का लिफाफा प्राप्त कर लें । ऐसा न करने पर जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।
8. मोबाईल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित हैं। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। 18
9. अभ्यर्थी अपने साथ उत्तर पत्रक की संलग्न कार्बन प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं । 18
10. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा । 18

चेतावनी : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी और आर. पी. ई. (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 1992 के नियम 3 के तहत कार्यवाही की जायेगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है। 18 18 18 18 18

Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

Test. Analyze. Improve. Repeat.

## Don't just prepare. Perform.

Test Prime — built only for mock tests.

**1,50,000+** Mock Tests

**25,000+** Previous Year Papers

**800+** Exam Covered

**500% Refund** on Selection

**5 lakh+** Free Quizzes

**Daily** Free PDFs

**Job Alerts** Stay Updated

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas

**All India Rankings**

Compete with lakhs.
Rank. Improve. Repeat.

Adda247 test prime

Rating | Editors' choice | New

Test Prime By Adda247

Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed

DOWNLOAD THE APP

1 According to Aristotle
(1) God is material cause of the world
(2) God is only formal cause
(3) God is only final cause
(4) God is formal, efficient and final cause

अरस्तू के अनुसार
(1) ईश्वर जगत का उपादान कारण है
(2) ईश्वर जगत का आकारिक कारण है
(3) ईश्वर केवल अंतिम कारण है
(4) ईश्वर जगत का आकारिक, निमित्त और अन्तिम कारण है

2 What difference does Spinoza accept between attribute and mode ?
(1) Attribute is permanent and mode is changing
(2) Mode is permanent and attribute is changing
(3) Attribute is in substance and mode is in substance
(4) Mode is in attribute and attribute is in mode

स्पिनोजा गुण व पर्याय किस भेद को स्वीकार करते हैं ?
(1) गुण नित्य व पर्याय परिवर्तनशील है
(2) पर्याय नित्य व गुण परिवर्तनशील है
(3) गुण द्रव्य में है और पर्याय द्रव्य में है
(4) पर्याय गुण में है और गुण पर्याय में है

3 Whose statement is Ess Est percipil from the following ?
(1) Locke (2) Spinoza
(3) Leibnitz (4) Berkeley

दृश्यते इति वर्तते' निम्न में से किसका कथन है ?
(1) लॉक (2) स्पिनोजा
(3) लाइबनित्स (4) बर्कले

4 According to Kant
(1) 'Thing-in itself' is unknown (2) Ideas are eternal
(3) Soul is the creation of God (4) Causality is relation of association

कान्ट के अनुसार
(1) 'वस्तु–स्वंय में' अज्ञेय है (2) प्रत्यय नित्य हैं
(3) आत्मा ईश्वर की रचना है (4) कारणता साहचर्य का सम्बन्ध है

5 Who among following accepts the doctrine of Pluralism
(1) Leibnitz (2) Spinoza
(3) Hegal (4) Bradley

निम्न में कौन बहुतत्ववाद के सिद्धान्त को स्वीकार करता है
(1) लाइबनित्स (2) स्पिनोजा
(3) हीगल (4) ब्रेडले

6 The language game theory is associated with

(1) Russell (2) Moore

(3) Husserl (4) Wittgenstein

भाषायी खेल सिद्धान्त सम्बन्धित है

(1) रसल (2) मूर

(3) हुस्सर्ल (4) विट्गेन्सटाइन

7 Which one of the following pairs is not correctly matched ?

(1) Plato - Theory of ideas

(2) Kant - Categories of understanding

(3) Hume - Denial of soul substance

(4) Spinoza - Substance is many

निम्न में से कौन–सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

(1) प्लेटो – प्रत्यय का सिद्धान्त

(2) काण्ट – बुद्धि की अवधारणाएँ

(3) ह्यूम – आत्म द्रव्य का खण्डन

(4) स्पिनोजा – द्रव्य अनेक हैं

8 Match List - I with List-II and choose the correct answer from the code given below :

| List-I | | List-II | |
|---|---|---|---|
| (A) | Aristotle | (i) | Ethics |
| (B) | Spinoza | (ii) | An Essay concerning Human understanding |
| (C) | Kant | (iii) | Politics |
| (D) | Locke | (iv) | Critique of Pure Reason |

**Code**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

सूची-I के सूची-II से सुमेलित कीजिये और निम्नलिखित कूट से सही उत्तर चुनिये :

| सूची-I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| (A) | अरस्तू | (i) | एथिक्स |
| (B) | स्पिनोजा | (ii) | एन ऐसे कर्न्सनिंग ह्यूमन अण्डर स्टैडिंग |
| (C) | काण्ट | (iii) | पॉलिटिक्स |
| (D) | लॉक | (iv) | क्रिटिक ऑफ प्योर रीजन |

कूट

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

9 Berkeley was a

(1) Skeptic
(2) Rationalist
(3) Subjective idealist
(4) Realist

बर्कले थे

(1) संदेहवादी
(2) बुद्धिवादी
(3) आत्मनिष्ठ प्रत्ययवादी
(4) वास्तववादी

10 Who has given the statement 'Mind is a tabula rasa'

(1) Socrates
(2) Hume
(3) Locke
(4) Leibnitz

'मन एक कोरा कागज़ है'' यह कथन किसका है?

(1) सुकरात
(2) ह्यूम
(3) लॉक
(4) लाइबनित्स

11 Match List-I with List-II and choose the correct answer from the code given below :

| List-I | List-II |
|---|---|
| (A) Democrats | (i) Number theory |
| (B) Pythagores | (ii) Everything changes |
| (C) Heraditus | (iii) Water is the material cause of all things |
| (D) Thales | (iv) Atomism |

**Code**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और निम्नलिखित कूट से सही उत्तर चुनिये :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) डेमोक्रिटस | (i) संख्या सिद्धान्त |
| (B) पाइथागोरस | (ii) प्रत्येक वस्तु परिवर्तित होती है |
| (C) हेराक्लीटस | (iii) जल प्रत्येक वस्तु का भौतिक कारण है |
| (D) थेलिज | (iv) अणुवाद |

कूट

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

12 Vivekanand believed in the universality of religion because

(1) he had dictarial attitude
(2) essentially all religions are good
(3) deep religious experience reveal their oneness
(4) he wanted to please other religious persons

विवेकानंद ने धर्म की सार्वभौमिकता में विश्वास किया क्योंकि

(1) वह तानाशाही प्रवृति के थे
(2) सार रुप से सभी धर्म अच्छे हैं
(3) गहन धार्मिक अनुभूति उनकी एकता दर्शाती है
(4) वे दूसरे धार्मिक व्यक्तियों को प्रसन्न करना चाहते थे

13 'Supermind' according to Sri Arvindo is :

(1) highest element
(2) highest intellect
(3) meeting point of Brahaman and soul
(4) it is emotionless stage

श्री अरविंद के अनुसार 'अतिमानस' है

(1) उच्चत्तम तत्व
(2) उच्चत्तम बुद्धि
(3) ब्रह्म् एवं आत्मा का मिलन बिंदु
(4) भावरहित स्थिति है

14 Intuition and intellect differ in nature according to Radhakrishnan. This difference is of :

(1) Category
(2) Kind
(3) Division
(4) Totality

राधाकृष्णन के अनुसार बुद्धि एवं अन्तःप्रज्ञा में प्रकृतिगत भेद है। यह भेद हैं

(1) श्रेणी का
(2) प्रकार का
(3) विभाजन या खंडितता का
(4) समग्रता का

15 'Turiyavastha' is experienable in

(1) 'Jagrat' or awakening stage
(2) 'Swapana' or dreaming stage
(3) 'Sushupti' or deep sleeping stage
(4) 'Sarva-nihitam' or all-inclusive

'तुरीयावस्था' का अनुभव किया जा सकता है

(1) जाग्रतावस्था में
(2) स्वप्नावस्था में
(3) सुषुप्ति की अवस्था में
(4) सर्वनिहित अर्थ में

16 The theory of non-existence of 'Akash' by charwakas is based on

(1) Perception
(2) Testimony
(3) Comparison
(4) Inference

चार्वाक के द्वारा 'आकाश' को अस्तित्वहीन मानना आधारित है

(1) प्रत्यक्ष पर
(2) शब्द प्रमाण पर
(3) उपमान पर
(4) अनुमान पर

17 'Samabhirud naya' in Jainism can be suitably expressed as

(1) riding on the back of some animal
(2) grasping the meaning of a word in its usage
(3) decreasing the temperature of body in 'tapasya'
(4) working for grammar of a language

'समभिरुढ नय' जैनदर्शन में निम्नप्रकार से अभिव्यक्त किया जा सकता है

(1) किसी पशु की पीठ पर आरुढ़ होना
(2) किसी शब्द का अर्थ उसके पूर्वप्रयोगानुसार ग्रहण करना
(3) तपस्या की स्थिति में शरीर के तापमान को कम करना
(4) किसी भाषा के व्याकरण के लिये कार्य करना

18 If reality in Buddhism is momentary then 'Nibban' will be also momentary But it is denied by Buddhist on the argument of

(1) 'Nibban' or libration is very Rious

(2) Momentariness is applicable for only worldly things

(3) Nibban changes but in its our form as 'santanwada'

(4) Buddha included this in 'Avyakatani'

बौद्ध दर्शन में यदि सत्ता क्षणिक है तो 'निब्बान' (निर्वाण) भी क्षणिक होगा। किंतु बौद्धो द्वारा इसे निम्न तर्क पर अस्वीकार किया गया है

(1) निर्वाण बहुत पवित्र है

(2) क्षणिकवाद केवल सांसारिक वस्तुओं पर लागु है

(3) निर्वाण में सन्तानवादी रुप में परिवर्तित होता है

(4) बुद्ध ने इस 'अव्यक्तानी' में सम्मिलित किया है

19 Vyapti in Nyaya Philosophy has some conditions for its validity their number is

(1) Five

(2) Four

(3) Six

(4) Nine

न्याय दर्शन में 'व्याप्ति' की वैधता के लिये कुछ शर्ते मानी गई है। इनकी संख्या है

(1) पाँच

(2) चार

(3) छ:

(4) नौ

20 Gandhi was not an orthodox but a progressive person because he

(1) accepted every western thought

(2) removed untouchability

(3) he tested everything on truth

(4) he did not like many Indian tradition

गाँधी एक रुढ़िवादी नहीं अपितु प्रगतिवादी व्यक्ति थे क्योंकि

(1) उन्होंने प्रत्येक पाश्चात्य विचार को स्वीकारा

(2) उन्होंने अस्पृश्यता दूर की

(3) उन्होंने प्रत्येक बात को सत्य पर परखा

(4) उन्होंने कई भारतीय परम्परा को पसंद नहीं किया

21 Ikbal favoured human efforts to the height that even God would be attentive to his choice. This means that

(1) Ikbal was arrogant
(2) He did not respect God
(3) He considered man Supreme
(4) He dignified human existence

इकबाल ने मानवीय प्रयत्न को इतनी ऊँचाई पहुँचाया की ईश्वर तक उसकी पसंद के प्रति ध्यान रखने वाला हो। इसका अर्थ है कि

(1) इकबाल घमंडी थे
(2) वे ईश्वर का सम्मान नहीं करते थे
(3) वे मनुष्य को सर्वोच्च मानते थे
(4) उन्होंने मानवीय अस्तित्व को गरिमा दी

22 Which one of the following is the correct sequence in Hegel's philosophy

(1) Antithesis - Thesis - Synthesis
(2) Thesis - Antithesis - Synthesis
(3) Thesis - Synthesis - Antithesis
(4) Synthesis - Antithesis - Thesis

हीगल के दर्शन में निम्न में से कौन से सही क्रम मे हैं

(1) विपक्ष – पक्ष – समन्वय
(2) पक्ष – विपक्ष – समन्वय
(3) पक्ष – समन्वय – विपक्ष
(4) समन्वय – विपक्ष – पक्ष

23 'Man wills not pleasure but power' whose idea is this from the following

(1) Husserl
(2) Moore
(3) Nietzsche
(4) Ryle

मनुष्य सुख नही बल्कि शक्ति की इच्छा रखता है। यह निम्न में से किसका विचार है

(1) हुस्सर्ल
(2) मूर
(3) नीत्शे
(4) राइल

24 Vanaprasthashram' suitably explained as

(1) to proceed to forest

(2) to reside in forest

(3) to abandon family life

(4) to serve society after completing household duties

'वानप्रस्थाश्रम' उचित रुप से व्याख्यायित किया जा सकता है

(1) वन की ओर प्रस्थान करना

(2) वन में निवास करना

(3) पारिवारिक जीवन को छोड़ना

(4) गृहस्थी के दायित्वों को पूरा करने के बाद समाज की सेवा करना

25 Jain religion is the religion of

(1) jain caste and society

(2) followers of Mahaveer Swami

(3) believers in non-violence

(4) practitioners of the principles of Thirthankars

जैन धर्म निम्न में से इनका धर्म है

(1) जैन जाति एवं समाज का

(2) महावीर स्वामी के अनुयायी का

(3) अहिंसा में आस्था रखनेवालों का

(4) तीर्थंकरों के सिद्धातों की पालना करनेवालों का

26 'Arthkriyakarittva' is the supporting argument for

(1) Parinamwada

(2) Prattitya Samutpad

(3) Pramanyawada

(4) Parivartanwad

'अर्थक्रिया कारित्व' निम्न में से किसका समर्थक तर्क है

(1) परिणामवाद

(2) प्रतीत्य समुत्पाद

(3) प्रामाण्यवाद

(4) परिवर्तनवाद

27 If 'Purush' in Samkhya Philosophy is non-attached, conscious and eternal entity then 'Bahupurushwada' is

(1) consistent
(2) non-consistent
(3) paradoxical
(4) contradictory

सांख्य दर्शन में यदि 'पुरुष' अनासक्त, चेतन एवं शाश्वत तत्व है तो 'बहुपुरुषवाद' कहा जाएगा

(1) संगत
(2) असंगत
(3) विरोधाभासी
(4) विरोधी

28 'Abhinivesh' in Yoga Philosophy means

(1) senses
(2) pleasures of life
(3) fear of death
(4) will for liberation

योगदर्शन में 'अभिनिवेश' का अर्थ है

(1) इंद्रियाँ
(2) जीवन के सुख
(3) मृत्यु का भय
(4) मुक्ति का संकल्प

29 Which one of the following is not correctly matched

(1) Ayer - Logical Positivism
(2) Russell - Logical atomism
(3) Moore - Refutation of Idealism
(4) Hegel - Subjective idealism

निम्न में कौन–सा सही सुमेलित नहीं है

(1) एयर – तार्किक भाववाद
(2) रसल – तार्किक अणुवाद
(3) मूर – प्रत्ययवाद का खण्डन
(4) हीगल – आत्मनिष्ठ प्रत्ययवाद

30 The theory of meaning accepted by wittgenstein is

(1) Semantic theory of meaning
(2) Pragmatic theory of meaning
(3) Verifiability theory of meaning
(4) Meaning and use theory

विट्गेन्सटाइन द्वारा स्वीकृत अर्थका सिद्धान्त है

(1) अर्थ का अर्थसम्बन्धी सिद्धान्त
(2) अर्थ का व्यवहारिक सिद्धान्त
(3) अर्थ का सत्यापनीय सिद्धान्त
(4) अर्थ और उपयोग सिद्धान्त

31 The theory of truth propounded by James is

(1) Coherence (2) Correspondence
(3) Pragmatic (4) Semantics

जेम्स द्वारा प्रतिपादित सत्य का सिद्धान्त है

(1) संशक्तता (2) संवादिता
(3) व्यवहारिकता (4) अर्थ सम्बन्धी सिद्धान्त

32 The theory of description is associated with

(1) Moore (2) Ryle
(3) Russell (4) Wittgenstein

विवरण का सिद्धान्त सम्बन्धित है

(1) मूर (2) राईल
(3) रसल (4) विट्गेन्सटाइन्न

33 Which are from the following is denied by Buddhism

(1) Life is full of sorrows but they are removable
(2) Metaphysical questions can be answered
(3) 'Asthangmarg' is key to Nibban
(4) Soul is 'Sanghat'

निम्न में से कौन–सा बुद्धदर्शन द्वारा अस्वीकार किया गया है

(1) जीवन दुःखों से पूर्ण है किंतु उन्हें दूर किया जा सकता है
(2) तत्वमीमांसीय प्रश्नों के उत्तर दिये जा सकते हैं
(3) अष्टांग मार्ग 'निब्बान' की कुंजी है
(4) आत्मा संघात है

34 Which is wrong according to Vaisheshika philosophy

(1) They are seven Padarthas
(2) 'Kalpa' is the creation between two 'Pralayas'
(3) Karma is the name of good and bad actions
(4) There are 'Panch Mahabhutas'

वैशेषिक दर्शन के अनुसार कौन–सा गलत है

(1) सात पदार्थ है (2) दो प्रलयो के बीच सृष्टि 'कल्प' है
(3) शुभ–अशुभ कार्यो का नाम 'कर्म' है (4) पंच महाभूत हैं

35 The central problem of Heidegger's philosophy is

(1) The problem of Being (2) The problem of Becoming
(3) The problem of Space (4) The problem of Time

हाईडैगर के दर्शन की केन्द्रीय समस्या है

(1) सत् की समस्या (2) संभूति की समस्या
(3) दिक् की समस्या (4) काल की समस्या

36 According to Russell sensations are
(1) Physical (2) Mental
(3) Neutral (4) None of the above

रसल के अनुसार संवेदनाए होती है
(1) भौतिक (2) मानसिक
(3) तटस्थ (4) उपरोक्त मे से कोई नहीं

37 'Chikirsha' in Nyaya Philosophy is related to
(1) World (2) Atman
(3) Moksha (4) God

न्यायदर्शन में 'चिकीर्षा' संबंधित है
(1) जगत् से (2) आत्मा से
(3) मोक्ष से (4) ईश्वर से

38 'Panchkosa Sidhanta' in Upnishadas proposes the following
(1) Multiplicity of elements (2) Unity of elements
(3) Independence of elements (4) Interdependence of elements

पंचकोष सिद्धांत (उपनिषदो का) निम्न को प्रस्तावित करता है
(1) तत्वों की बहुलता (2) तत्वों की एकता
(3) तत्वों की आत्मनिर्भरता (4) तत्वों की अन्तःनिर्भरता

39 A 'Brahamanwadin' is also a 'Mayawadin' because
(1) Maya is known as Maya when Brahaman is experienced
(2) World is real and accordingly experienced
(3) Brahaman and Maya are inexpressible
(4) Maya is illusion

एक 'ब्रह्मवादिन्' एक 'मायावादिन' भी होता है क्योंकि
(1) जब ब्रह्मानुभूति होती है तभी माया माया के रुप में जानी जाती है
(2) संसार सत्य है और तदनुसार हीं अनुभूत होता है
(3) ब्रह्म एवं माया अनिर्वचनीय है
(4) माया अध्यास है

40 Kumaril and Prabhakar Mimansakas mainly differ with each other on
(1) Ethical assumptions
(2) Epistemological assumptions
(3) Vidhi and Nishedha considerations
(4) Metaphysical assumptions

कुमारिल एवं प्रभाकर मीमांसक मुख्य रुप से निम्न रुप में भेद रखते हैं
(1) नीतिगत मान्यताएँ (2) ज्ञानमीमांसीय मान्यताएँ
(3) विधि–निषेध विचारणाएँ (4) तत्वमीमांसीय मान्यताएँ

41 'Shaktiwada' in Mimansa Philosophy can be explained in the following way
(1) 'Shakti' is fundamental in the universe
(2) Everyone should obtain 'Shakti'
(3) Yajna when performed gives 'Shakti'
(4) Every object has potential power or Shakti'

मीमांसा दर्शन में 'शक्तिवाद' को निम्न रुप में समझाया जा सकता है
(1) 'शक्ति' ब्रह्माण्ड में आधारभूत है
(2) प्रत्येक को शक्ति प्राप्त करनी चाहिये
(3) जब यज्ञ किया जाता है तो शक्ति प्राप्त होती है
(4) प्रत्येक पदार्थ में संभावित रुप से शक्ति होती है

42 The Ultimate Reality according to Plato is
(1) Matter (2) Mind
(3) Idea (4) The world

प्लेटो के अनुसार अन्तिम तत्व है
(1) जड़ द्रव्य (2) मनस्
(3) प्रत्यय (4) जगत

43 Early wittgenstein is representative of
(1) Artificial language Philosophy
(2) Ordinary language Philosophy
(3) Phenomenology
(4) Existentialism

पूर्ववर्ती विट्गेन्सटाइन प्रतिनिधि है
(1) कृत्रिम भाषा दर्शन (2) साधारण भाषा दर्शन
(3) फिनॉमिनॉलोजी (4) अस्तित्ववाद

44 Vienna circle is associated with
(1) Pragmatism (2) Logical Positivism
(3) Absolutism (4) Rationalism

वियना सर्किल सम्बन्धित है
(1) व्यवहारवाद (2) तार्किक भाववाद
(3) निरपेक्षवाद (4) बुद्धिवाद

45 The idea of 'category mistake' is demonstrated by
(1) Ryle (2) Austin
(3) James (4) C.S Pierce

'कोटि दोष' का विचार प्रदर्शित किया गया है
(1) राइल द्वारा (2) ऑस्टिन द्वारा
(3) जेम्स द्वारा (4) सी.एस पियर्स द्वारा

18 18 18 18 18 18 18 18

46 The concept of 'Mukti' in Nyaya and Vaisheshika Philosophy is same but not favoured by 'Sagun Vedantins' because

(1) Both philosophies believe in God
(2) Tamples of God are not build according to their choice
(3) Consciousness does not remain with soul at the time of liberation
(4) Both philosophies differ in their approach to bondage

न्याय एवं वैशेषिक दर्शनो में 'मुक्ति' समान हे किंतु 'सगुण वेदांतियों' द्वारा इसका पक्ष नहीं लिया गया है क्योंकि

(1) दोनों दर्शन ईश्वर में विश्वास करते हैं
(2) ईश्वर के मंदिर इन दर्शनों के सिद्धांतानुसार नहीं बनाए जाते हैं
(3) मोक्ष के समय आत्मा से चेतना अलग हो जाती है
(4) बंधन के विषय में दोनों दर्शन भिन्न दृष्टिकोण रखते हैं

47 The suitable meaning of 'antyantabhava' will be explained in the following way

(1) it is such an 'abhava' which remain for ever
(2) it is for the time being
(3) other things remain absent in it
(4) it occurs when a thing is destroyed

'अत्यन्ताभाव' का सही अर्थ निम्न प्रकार से समझाया जा सकता है

(1) यह ऐसा अभाव है जो हमेशा रहता है
(2) यह कुछ समय के लिये ही होगा
(3) अन्य वस्तुओं का इसमें अभाव होता है
(4) यह तब होता है जब कोई वस्तु नष्ट होती है

18 18 18 18 18 18 18 18

48 'Evil' is indispensable to the goodness of the world' is the idea of

(1) Aquinas
(2) Augustine
(3) Anslem
(4) Plato

'अशुभ' जगत की शुभता के लिये अपरिहार्य है

(1) एक्विनस
(2) ऑगस्टाइन
(3) एन्सलम
(4) प्लेटो

49 Match List-I with List-II and choose the correct answer from the code given below :

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (A) | God is unmoved mover | (i) | Plato |
| (B) | Ideas are universal | (ii) | Socretes |
| (C) | Cogito Ergo Sum | (iii) | Aristotle |
| (D) | Knowledge is virtue | (iv) | Descartes |

**Code**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

सूची-I के सूची-II से सुमेलित कीजिये और निम्नलिखित कूट से सही उत्तर चुनिये :

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (A) | ईश्वर गतिरहित गतिदाता है | (i) | प्लेटो |
| (B) | प्रत्यय सामान्य हैं | (ii) | सुकरात |
| (C) | को जिटो एरगो सम | (iii) | अरस्तू |
| (D) | ज्ञान सद्‌गुण है | (iv) | डेकार्ट |

कूट

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

50 God in Yoga Philosophy does not create the world nor he destroys it, even then the world according to Yoga Philosophy is in existence because

(1) Yoga Philosophy remains silent about it

(2) God is unable to create world

(3) Yoga is about Samadhi

(4) Yoga accepts metaphysics of Samkhya for creation of world

योगदर्शन में ईश्वर संसार की रचना नहीं करता है और न उसे नष्ट करता है फिर भी योग दर्शन के अनुसार जगत् अस्तित्ववान है क्योंकि

(1) योग दर्शन इस विषय में मौन है

(2) ईश्वर संसार रचना में असमर्थ है

(3) योग समाधि के विषय में है

(4) संसार रचना हेतु योग सांख्य की तत्वमीमांसा स्वीकार करता है

Test Prime By Adda247

# Previous Year Papers PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!

PDF

Free 25,000+ PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly

ATTEMPT AS MOCK

Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.

Previous Year Papers PDF

Search

Banking | JAIIB & CAIIB | SSC | Railways

April 2026

11th Apr (Shift: 1)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques · 60 Mins
DOWNLOAD · ATTEMPT NOW

11th Apr (Shift: 1)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques · 60 Mins
DOWNLOAD · ATTEMPT NOW

11th Apr (Shift: 2)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques · 60 Mins
DOWNLOAD · ATTEMPT NOW

11th Apr (Shift: 2)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques · 60 Mins
DOWNLOAD · ATTEMPT NOW

February 2026

22nd Feb (Shift: 1)
ENGLISH
BOB Office Assistant MBT (...

Topic-wise & Exam-wise PDFs | Download & Study Offline | Attempt as Mock & Track Score | Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

DOWNLOAD THE APP

SPACE FOR ROUGH WORK / कच्चे काम के लिये जगह

18
18
18
18
18
18
18
18
18
18
18
18
18
18
18